# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक :– मु0 अ0–4(मु0) नाबार्ड–03–155/2015 1715(अ) पटना, दिनांक :– 03/6/2020

प्रेषक,

सुनील कुमार,
अधीक्षण अभियंता–सह–
नोडल पदाधिकारी,
राज्य योजना (नाबार्ड)

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
सभी कार्य प्रमंडल

विषयः– राज्य योजना (नाबार्ड) अंतर्गत कार्य प्रमंडलों द्वारा MIS पर विवरणी अद्यतन करने, संलग्न प्रपत्र में विवरणी समर्पित करने एवं निधि की अधियाचना के संबंध में।

प्रसंग :– ब्राडा का पत्रांक– 831 दिनांक 15.05.20

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि अब तक नाबार्ड योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडलों द्वारा भेजे गये अधियाचना पत्रों के आधार पर आवंटन की राशि प्रमंडलवार दिया जाता रहा है। अब तक दिये गये प्रमंलवार कुल आवंटन की राशि आवंटन पत्र अथवा अंकेक्षित विवरणी एवं CFMS में देखा जा सकता है। परन्तु प्रासंगिक पत्र में दिए गए निदेश के अनुसार आगे से कार्य प्रमंडलों द्वारा राशि की अधियाचना MIS के द्वारा किए जाने हैं। MIS के द्वारा राशि की अधियाचना से पहले प्रमंडलों को निर्गत पथवार राशि को MIS में प्रविष्ट किया जाना आवश्यक है। जिसका प्रविष्टि मुख्यालय के द्वारा किया जाना है। उक्त प्रविष्टि होने के उपरांत ही प्रमंडलों द्वारा MIS के माध्यम से राशि की अधियाचना की जा सकती है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि MIS पर विवरणी को अद्यतन करते हुए पूर्व में निर्गत राशि का पथवार ब्यौरा (कुल राशि अब तक निर्गत कुल राशि से मिलान करते हुए) संलग्न प्रारूप में नाबार्ड कोषांग को उपलब्ध कराया जाए।

**उपर्युक्त विवरणी के बिना कार्य प्रमंडलों को आगे किसी प्रकार का आवंटन निर्गत करना संभव नहीं है। इसे अत्यावश्यक समझते हुए वांक्षित विवरणी अविलंब ईमेल (rwdnabard@gmail.com) के माध्यम से समर्पित की जाय।**

अनु0 :– प्रारूप।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 3/6/2020

(सुनील कुमार)
परियोजना प्रबंधक, राज्य योजना

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4(मु0) नाबार्ड–03–155/2015 1715 पटना, दिनांक :– 03/6/2020

प्रतिलिपि :– आई0 टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 3/6/2020

परियोजना प्रबंधक, राज्य योजना

Email

Scanned with CamScanner

# State Scheme (NABARD)
## Road/Bridge wise Details

**PIUs Name :-**

| Sl. No. | Year | Project_ID | Name of Road/ Bridge | Administrative Sanction | | | Agreement Amount | | **Total upto date Allotment Received by PIU** | Total Expenditure as per MIS | Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Lenth (Road in KM & Bridge in Mtr.) | Main Work | Maintenance | Main Work | Maintenance | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12(10-11) |
| 1 | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | TOTAL | 0.00 | | |

**Note:-**

1 All Roads & Bridges sanctioned under NABARD till date must be included in this list.

2 Information like YEAR, PROJECT_ID, NAME OF ROAD/BRIDGE, LENGTH should match with MIS DATA.

3 **Total Amount of COLUMN no.-10 should match with the ALLOTMENT RECEIVED BY PIU TILL DATE under NABARD Scheme.**

Abhay 23/06/2020

**Divisional Account Officer**
**RWD, Works Division .........**

**Executive Engineer**
**RWD, Works Division .........**

Scanned with CamScanner

# ग्रामीण कार्य विभाग
## बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण,पटना

पत्रांकः– BRRDA(HQ)-226/2018– 831 पटना / दिनांकः–15/05/2020

प्रेषक,

विनय कुमार,
सचिव।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
सभी कार्य प्रमंडल।

**विषय : योजना कार्य हेतु MIS के माध्यम से राशि की अधियाचना प्रेषित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय कार्यो के अनुश्रवण हेतु स्थापित ग्रामीण कार्य विभाग के MIS पर योजना कार्य हेतु अधियाचना समर्पित करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। सभी प्रमण्डल कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आधार पर आवश्यक राशि की अधियाचना इस प्रणाली के माध्यम से ब्राडा कार्यालय को प्रेषित कर सकते है।

उक्त के आलोक में सभी कार्य प्रमण्डलों को निदेशित किया जाता है कि 1 जून–2020 से राज्य योजनाओं में राशि की अधियाचना आवश्यक रूप से MIS के माध्यम से प्रेषित करेगें। सभी कार्यपालक अभियंता अधियाचना समर्पित करने के पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लेंगे कि कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति MIS पर अद्यतन कर दी गई है। प्रमण्डलों तथा योजना कोषांग द्वारा पूर्व से संधारित पथवार आवंटन की सूची पूर्ववत अद्यतन की जाएगी। किसी भी स्थिति में भौतिक रूप से अथवा Email के माध्यम से समर्पित किये गये अधियाचना पत्र के आधार पर आवंटन निर्गत नहीं किया जाएगा।

आदेश का अचूक रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

14/5

(विनय कुमार)
सचिव

ज्ञापांक :– BRRDA(HQ)-226/2018 831 पटना / दिनांकः–15/05/2020

प्रतिलिपिः–नोडल पदाधिकारी सभी परियोजना, ग्रामीण कार्य विभाग को अनुपालन हेतु प्रेषित।

14/5

सचिव

ज्ञापांक :– BRRDA(HQ)-226/2018 831 पटना / दिनांकः–15/05/2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा को अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

14/5

सचिव

Scanned with CamScanner